मुख्यमंत्री ने गीडा में किया तत्वा प्लास्टिक पाइप फैक्ट्री का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

- 18 सितंबर, 2023 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में 110 करोड़ रुपए के निवेश से स्थापित तत्वा प्लास्टिक पाइप फैक्ट्री का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि गीडा से लेकर धुरियापार तक औद्योगिक गलियारा विकसित हो रहा है। धुरियापार में 5000 एकड़ में औद्योगिक विकास किया जा रहा है। इससे पूर्वी उत्तर प्रदेश के नौजवानों को यहीं पर रोज़गार और नौकरी उपलब्ध हो सकेगी।
- विदित है कि पिछले छह साल में गीडा में निवेश और रोज़गार की स्थिति में बदलाव हुआ है। उद्योग धंधों पर पूर्वांचल से युवाओं का पलायन रोका गया है।
- गीडा के उद्घाटन अवसर पर 97 उद्यमियों को भूमि का आवंटन पत्र बाँटा गया है। अब यहाँ फैक्ट्रियों का काम शुरू होगा। इन फैक्ट्रियों में 1000 करोड़ का निवेश होगा, जिससे 5000 से अधिक युवाओं को रोज़गार मिलेगा।
- ज्ञातव्य है कि 10 से 12 फरवरी, 2023 के बीच उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ था, जिसमें उत्तर प्रदेश को 36 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। अकेले गोरखपुर को करीब पौने दो लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले।
- 36 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों के धरातल पर उतरने पर एक करोड़ नौजवानों को नौकरी व रोज़गार मिलने की संभावना है। गीडा में 102 नए उद्योगों की स्थापना के लिये आशय पत्र के वितरण का कार्य इसी संभावना को आगे बढ़ाएगा।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-mnister-inaugurates-tattva-plastic-pipeline-in-gida